This question paper contains 8 printed pages]

*Your Roll No................*

**1991**

**B.A. (Hons.) Programme** **D**

DISCIPLINE CENTRED CONCURRENT COURSE

HINDI LITERATURE

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 50

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**टिप्पणी :** प्रश्नपत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' के बी.ए. (ऑनर्स) में प्रवेश-प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं। नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जायेगा।

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) आदिकाल के नामकरण पर विचार कीजिए।

**अथवा**

रीतिकालीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। 4

P.T.O.

(ख) आधुनिकता क्या है ? 'आधुनिक बोध' से यह किस प्रकार भिन्न है ?

**अथवा**

आधुनिक बोध मध्यकालीन बोध से किस प्रकार भिन्न है ? स्पष्ट कीजिए। 3

(ग) नवजागरण के संदर्भ में भारतेन्दुयुगीन साहित्य पर विचार कीजिए।

**अथवा**

द्विवेदीयुगीन कविता में राष्ट्रीय-सांस्कृतिक चेतना पर प्रकाश डालिए। 3

2. (क) 'जनतन्त्र का जन्म' कविता के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'अधिनायक' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। 7

(ख) किन्हीं **दो** पद्यांशों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) दीप-शिखा है अन्धकार की
घनी घटा की उजियाली
उषा है यह कमल-भृंग की
है पतझड़ की हरियाली॥

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गयी हैं ? इसके रचयिता का नाम लिखिए। 2

(*ii*) "दीप-शिखा है अन्धकार की" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

(*iii*) पतझड़ की हरियाली से क्या तात्पर्य है ? 1

(2) यज्ञ-अग्नि-सी धधक रही है मधु की भट्ठी की ज्वाला,
ऋषि-सा ध्यान लगा बैठा है हर मदिरा पीने वाला,,
मुनि-कन्याओं-सी मधुघट ले फिरती साकी बालाएँ,
किसी तपोवन से क्या कम है, मेरी पावन मधुशाला।

(*i*) उक्त पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत हैं ? इन पंक्तियों के रचनाकार का नाम लिखिए। 2

(*ii*) ''यज्ञ-अग्नि-सी धधक रही है मधु की भट्ठी की ज्वाला'' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

(*iii*) कवि ने मधुशाला को पावन क्यों कहा है ? 1

(3) ''अबे, सुन बे, गुलाब,
भूल मत जो पायी खुशबू, रंगोआब,
खून चूसा खाद का तूने अशिष्ट,
डाल पर इतराता है केपीटलिस्ट''

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गयी हैं ? इसके रचनाकार का नाम लिखिए। 2

(*ii*) 'केपीटलिस्ट' शब्द का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

(*iii*) गुलाब किसका प्रतीक है ? 1

3. (क) 'पार्टीशन' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'दूध का दाम' कहानी में प्रेमचन्द ने किस समस्या को उठाया है ? 7

(ख) किन्हीं **दो** गद्यांशों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) इस विज्ञापन में लड़के ने एक खास साइकिल खरीद ली है। पास ही लड़की खड़ी है। बड़े प्रेम से उसे देखकर मुस्करा रही है। अगर लड़का दूसरी कंपनी की साइकिल खरीद लेता, तो लड़की उससे कहती 'हटो, हम तुमसे नहीं बोलते। तुमने अमुक साइकिल नहीं खरीदी।'

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम लिखिए। 2

(*ii*) इन पंक्तियों में अभिव्यक्त व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए। 1

(*iii*) उक्त पंक्तियों में जीवन की किस स्थिति की ओर इंगित किया गया है ? 1

(2) सर्वहारा लोगों की टोली, सिर झुकाए बचे-खुचे पशुओं को हाँकते, बाल-बच्चों, मुर्गों-मुर्गियों, बकरे-बकरियों को गाड़ियों, बँहगियों और पीठ पर लादकर अपने-अपनें गाँव की ओर जा रही हैं, जहाँ न उनकी मड़ैया साबित है और न खेतों में एक चुटकी फसल। किन्तु उनके पैर तेजी से बढ़ रहे हैं।

(*i*) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है, इसके लेखक का नाम लिखिए । 2

(*ii*) 'उनके पैर तेजी से बढ़ रहे हैं' में व्यक्त भाव को स्पष्ट कीजिए। 1

(*iii*) सर्वहारा का अर्थ बताइए। 1

(3) घर फूँकने का अर्थ है धन और मान का मोह त्याग देना, भूत और भविष्य की चिन्ता छोड़ देना और सत्य के सामने सीधे खड़े होने में जो कुछ भी बाधा हो, उसे निर्ममतापूर्वक ध्वंस कर देना। पर सत्यों का सत्य यह है कि लोग कबीरदास के साथ चलने की प्रतिज्ञा करने के बाद भी घर नहीं फूँक सके।

(*i*) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम बताइये। 2

(*ii*) 'घर फूँकने' का भाव स्पष्ट कीजिए। 1

(*iii*) निर्ममता शब्द का अर्थ लिखिए। 1

4. (क) किसी **एक** उपन्यास से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) कमलिनी मुम्बई किसलिए आई और उसे शहर किसने घुमाया था ?

(*ii*) कर्नल साहब ने आटोग्राफ बुक क्यों फाड़ी ?

(*iii*) डी.डी. की वजह से जब चाय बेबी पर गिरती है तब क्या होता है ?

**अथवा**

(*i*) रुप्पन बाबू की पिटाई क्यों हुई ?

(*ii*) लंगड़ की जिद्द क्या थी ?

(*iii*) रंगनाथ के चरित्र की **दो** विशेषताएँ लिखिए। 5

(ख) किसी **एक** नाटक से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) गालव कौन था ? वह ययाति से पास क्यों गया था ?

(*ii*) माधवी को क्या वरदान मिला हुआ था ?

(*iii*) राजा हर्यश्च को माधवी से पुत्र-लाभ होने के बाद माधवी कहाँ जाती है और क्यों ?

**अथवा**

(*i*) 'कोर्टमार्शल' में विकास राय कौन है ?

(*ii*) कैप्टन कपूर की मृत्यु का क्या कारण था ?

(*iii*) कर्नल सूरत सिंह की **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 5